हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




गुरूघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार की शाम आयोजित होली मिलन में छात्र-छात्राओं ने खूब रंग बिखेरे।

### 30 मार्च को आएंगे पीएम मोदी : कमिश्नर व आईजी ने किया सभास्थल का निरीक्षण

## मोहभट्ठा में होगी प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 मार्च को बिलासपुर आगमन होने जा रहा है। श्री मोदी यहां विशाल आमसभा होगी, जिसके लिए बिल्हा ब्लॉक के मोहभट्ठा स्थित 55 एकड़ के खुले मैदान का चयन किया गया है।

शुक्रवार को संभाग कमिश्नर महादेव कावरे व आईजी संजीव शुक्ला ने अधिकारियों के साथ सभास्थल का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री के प्रोटोकाल को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट हो गया है और 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी भी शुरू हो गई है। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री श्री मोदी की विशाल आमसभा होगी। आमसभा के लिए स्थल चयन के साथ ही वहां तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संभागायुक्त महादेव कावरे एवं आईजी संजीव शुक्ला ने अधिकारियों के साथ दोपहर में स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर मौजूद थे। मोहभठ्ठा गांव में लगभग 55 एकड़ खुले मैदान में प्रधानमंत्री की सभा होगी। अधिकारियों ने इस मैदान के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए स्थल चिन्हांकित कर तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। अफसरों के निर्देश के बाद बुलडोजर से मोहभट्ठा के मैदान को समतल करने का काम तत्काल शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने लगभग दो घंटे तक भ्रमण कर मैदान का सूक्ष्म निरीक्षण किया। वहां पर हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि छोटी-छोटी जरूरतों पर विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त एवं आयोजन के नोडल अधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, एसडीएम बजरंग वर्मा सहित आयोजन की तैयारी से जुड़े विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट ने कहा- शराब दुकान से परेशानी ना हो

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी मुख्य मार्ग पर स्थित शराब भट्टी के मामले में हुई सुनवाई में निगम आयुक्त ने शपथपत्र पेश किया। कोर्ट ने इस पर कहा कि ,इस जगह की नियमित मानिटरिंग हो और होली पर किसी तरह की परशानी खड़ी न हो। इसके साथ ही 2 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है।

सिरगिट्टी तारबाहर क्षेत्र में शराब भट्टी सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित हो रही है। यह दुकान अंडर ब्रिज के पास स्थित है, जहां शाम के समय शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण महिलाओं और स्थानीय निवासियों को असुविधा होती है। नागरिकों की ओर से कई बार इस भट्टी को हटाने के लिए ज्ञापन दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। कोर्ट ने प्राथमिक सुनवाई के दौरान पाया था कि शराब भट्टी न केवल अंडर ब्रिज के पास स्थित है, बल्कि मंदिर और आवासीय क्षेत्रों के भी करीब है, जो कि सरकारी नियमों का उल्लंघन है।

### आयुक्त के शपथ पत्र से कोर्ट संतुष्ट

शुक्रवार को चीफ जस्टिस की डीबी में हुई सुनवाई में निगम आयुक्त का शपथपत्र अधिवक्ता आशीष तिवारी ने प्रस्तुत किया। इसमें निगम की ओर से इस जगह पर किए जा रहे निरन्तर निरिक्षण और सफाई का उल्लेख किया गया। आयुक्त के शपथपत्र से हाईकोर्ट संतुष्ट हुआ। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में आबकारी विभाग को यहां से भट्टी कहीं अन्यत्र ले जाने के लिए कहा गया था। उसका क्या हुआ। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की मॉनिटरिंग जारी रहे।

खनिज विभाग की कार्रवाई

## अवैध उत्खनन व परिवहन पर चार वाहन किए जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी, हाइवा, ट्रैक्टर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक चकरभाटा, रहंगी, मस्तूरी, मल्हार, चिल्हाटी, जोंधरा, उदयबंध, अमलडीहा एवं अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई तथा बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन करने पर अवैध गिट्टी के एक हाइवा , मुरुम के दो हाइवा, मिट्टी ईंट के एक ट्रेक्टर सहित कुल 4 मामलों पर कार्रवाई की है। सभी वाहनों को थाना चकरभाटा और पचपेड़ी में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम रहंगी क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध मुरुम उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी जब्त किया गया है।

## फुट प्रिंट से टाइगर का पता लगाने में जुटा वन अमला

**बिलासपुर।** टाइगर के हमले से घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है। पग मार्क देखने के बाद डीएफओ ने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट बढ़ाने का निर्देश दिया है। वहीं टाइगर के बेलपान से बाहर की ओर से आने के संकेत के आधार पर थर्मल ड्रोन से सर्च किया जा रहा है।

तखतपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत कठमुंडा में टाइगर ने किसान शिवकुमार पर हमला कर घायल कर दिया था। तखतपुर हास्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिम्स रिफर कर दिया गया है। तखतपुर के पहले टाइगर को बेलगहना में दो तीन पहले देखा गया था। टाइगर की दहशत से लोग दूसरे दिन भी अपने खेतों में जाने से घबरा रहे हैं। बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा ने तत्काल स्टाफ को निगरानी करने के साथ अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया है। शुक्रवार की सुबह से तखतपुर वन परिक्षेत्र के साथ कानन पेण्डारी मीडियम जू, अचानकमार टाइगर रिजर्व और बिलासपुर वन मंडल का अमला टाइगर की खोजबीन करता रहा। डीएफओ सत्यदेव शर्मा के अनुसार खेत से कुछ किलोमीटर की दूरी पर झाड़ियों में टाइगर को आराम करते हुए देखा गया था। सूचना मिलते ही तत्काल टीम को निगरानी करने के अलावा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह के साथ रात के समय खेतों में अकेले नहीं जाने की सलाह दी गई है। सुबह से शाम तक वन विभाग की टीम मौके पर टाइगर पर निगरानी करने के लिए डटी हुई है। डीएफओ का कहना है कि अब तक यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि टाइगर का तखतपुर की ओर किस ओर से मूवमेंट हुआ है, लेकिन फुट प्रिंट के अनुसार उसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



तखतपुर से बाहर की ओर से आने का संकेत, थर्मल ड्रोन से किया जा रहा सर्च

### बेलपान की ओर से आने के संकेत

टाइगर के फुट प्रिंट से जानकारी मिल रही है कि वह बेलपान की ओर से आया होगा। वर्तमान में टाइगर से किसी तरह की हानि नहीं हुई है। शाम को फुट प्रिंट और अन्य कार्यों को सर्च करने के लिए थर्मल ड्रोन का उपयोग किया गया है। लगातार टाइगर पर स्टाफ निगरानी रखा हुआ और गांव में मुनादी कराने के साथ अलर्ट भी जारी किया गया है, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके।

- **सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ
वन मंडल बिलासपुर

### शाम को पहुंचा थर्मल ड्रोन

टाइगर का पता लगाने के लिए शाम 7 बजे कोटा की ओर से थर्मल ड्रोन को मौके पर लाया गया। थर्मल ड्रोन एक मानव रहित हवाई वाहन यूएवी होता है, जिसमें थर्मल कैमरा लगा रहता है। यह कैमरा वस्तुओं से निकलने वाली अवरक्त विकिरण को कैप्चर करता है। थर्मल ड्रोन का उपयोग सीमा सुरक्षा, बुनियादी ढांचे का निरीक्षण, अग्निशमन और आपदा प्रतिक्रिया सहित अन्य कार्यों में किया जाता है। इस थर्मल ड्रोन से विभाग को काफी मदद मिलेगी।




# विश्व महिला दिवस

8TH MARCH WOMEN'S DAY

## की हार्दिक शुभकामनाएं...
































## खबर संक्षेप

### मध्यनगरीय से निकलेगी श्याम बाबा की निशान यात्रा आज



**बिलासपुर।** राधाकृष्ण मंदिर मध्यनगरीय मसानगंज से 8 मार्च को खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा सुबह 10.30 बजे निकाली जाएगी। रौनक सलूजा ने बताया कि दूसरे दिन 9 मार्च को दोपहर 2 बजे से मंदिर परिसर मंसानगंज में श्री श्याम पाठ किया जाएगा। 10 मार्च को भजन संध्या रात 8.30 बजे से प्रारंभ होगा। सवामणी का भोग 11 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा। खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर आयोजन समिति के सभी सदस्य आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### पुलिस परिवार कल्याण अस्पताल में डेंटल चिकित्सा की सुविधा शुरू



**बिलासपुर।** पुलिस परिवार कल्याण अस्पताल रक्षित केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करते हुए डेंटल चिकित्सा सुविधा शुरू की गई है। जिसका शुभारंभ कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने किया। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने दंत इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने सभी को बेहतर डेंटल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। यह सुविधा अस्पताल में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मिलेगी। पुलिस एवं उनके परिवार जनों को इसकी सुविधा मिलेगी। दंत ईकाई की स्थापना जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से की गई है। इसमें डेंटल सर्जन एवं दंत सहायक की संविदा पर पदस्थ किया गया। साथ ही डेंटल चेयर, डेंटल एक्स-रे भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रय कर उपलब्ध कराया गया है। इस अस्पताल में मिलने वाली सभी सुविधाएं प्रतिदिन निःशुल्क रहेगी।

### इंदिरा नगर स्कूल के बच्चों ने जाना गुड टच व बैड टच



**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर में एनजीओ आश्रय एवं जीवन संस्कार समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार का स्पर्श सुरक्षित और स्वस्थ होता है, जबकि किस प्रकार का स्पर्श अवांछनीय और नुकसानदायक हो सकता है। बच्चों के बीच एक चित्रकला स्पर्धा भी कराई गई। जिसमें बच्चों ने अपनी कला और कल्पना के माध्यम से अच्छे और खराब स्पर्श के अंतर को चित्रित किया। प्रतियोगिता में मुस्कान व्यास प्रथम, मान्या श्रीवास द्वितीय और तृषा तृतीय रही। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला इंदिरा नगर की प्रधान पाठक आकांक्षा पांडेय, बबीता बाघमारे, सुमित शर्मा एवं आश्रय और जीवन संस्कार समिति के सदस्य मौजूद थे।

केन्द्रीय राज्य मंत्री जन औषधि सप्ताह के समापन समारोह में हुए शामिल

# सस्ते दामों पर दवाइयां उपलब्ध कराने जनऔषधि केंद्र वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू आज भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित जन औषधि सप्ताह के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी ने की।

इस अवसर पर श्री तोखन ने कहा कि 25000 तक जन औषधि केंद्र और खोले जाएंगे, जिससे आमजन को कम से कम दाम में उच्च गुणवत्ता की दवाइयां मिल सके। जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है उनके लिए जन औषधि केंद्र वरदान साबित हुआ है। कार्यक्रम में अतिथियों ने जन औषधि केंद्र का अवलोकन किया और उपलब्ध दवाईयों की जानकारी ली। साथ ही जन औषधि के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए की यथासंभव जन औषधि की सभी दवाएं सभी जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध कराई जाए। मुख्य अतिथि श्री साहू ने प्रधानमंत्री की इस योजना को देश की सबसे बड़ी योजना बताया। उनकी इस योजना से उन्हें सस्ती और उत्तम दवाईयां भी मिली और उनके पैसे भी कम खर्च हुए।



रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।

### जन औषधि में 6 हजार की दवा मिली 350 रुपए में: मेयर

महापौर श्रीमती विधानी ने बताया की उनके घर में काम करने वाली बाई जिसको बाजार में दवाईयां 6000 रुपए की मिल रही थी वही सब दवाईयां जन औषधि में सिर्फ 350 रुपए में मिल गई। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल गुप्ता ने जन औषधि दवाइयों की उपलब्धता के बारे में एवं गुणवत्ता के विषय में जानकारी दी। जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना ने जन औषधि एवं ब्रांडेड दवाईयां के मूल्य का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। यहां कम मूल्य की उत्तम दवाइयां ब्रांडेड दवाइयों से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सस्ती है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ, चेयरमैन डॉ. बीएल गोयल, एमए जीवनी, प्रणय मजुमदार, किशोर राय, आदित्य पांडे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, आशीष गोविंद मिश्रा, अंजू ठाकुर, मोहन वैष्णव, सुश्री गीतेश्वरी चंद्रा, सुश्री नेहा राय, सुश्री रचना राय, सरिता साहू, सुश्री नॉरिस आदि मौजूद थे।

### दुर्ग-निजामुद्दीन-मदार के बीच चलेगी ट्रेन

**बिलासपुर।** दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के बीच दो फेरे के लिए और दुर्ग से मदार जंक्शन के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय रेल प्रशासन ने लिया है। यह ट्रेन उसलापुर रेलवे स्टेशन से होकर चलाई जाएगी, जिसमें यात्रियों को निजामुद्दीन और मदार जंक्शन के लिए कंफर्म बर्थ की सुविधा मिलेगी। गाड़ियों में होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को अत्यधिक कंफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन ने दो होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने निर्णय लिया है। इसमें 9 व 12 मार्च को दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच दो फेरे के लिए चलने वाली ट्रेन दुर्ग से 08760 नंबर के साथ और 10 व 13 मार्च को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से 08761 नंबर के साथ चलेगी। इस गाड़ी का स्टापेज रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशन में होगा। 9 मार्च रविवार और 12 मार्च बुधवार को 08760 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन सुबह रवाना होकर रायपुर 11.20 बजे, उसलापुर स्टेशन 13.20 बजे पहुंचने के बाद दूसरे दिन आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन होते हुए हजरत निजामुद्दीन स्टेशन 11 बजे पहुंचेगी। 08761 हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन 10 मार्च सोमवार और 13 मार्च गुरुवार को रवाना होकर 14.15 बजे मथुरा जंक्शन, 15.10 बजे आगरा कैंट होते हुए देर रात 1.40 बजे कटनी मुरवारा, दूसरे दिन सुबह 10 बजे उसलापुर स्टेशन होते हुए रायपुर और दुर्ग 13.50 बजे पहुंच जाएगी। इस ट्रेन में 2 एसएलआरडी, तीन सामान्य कोच, 15 शयनयान तथा दो एसी थ्री कोच सहित 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



## अंबिकापुर-अनूपपुर रेल खंड का निरीक्षण किया जीएम ने

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने अंबिकापुर से अनूपपुर के बीच रेल खंड का संरक्षा निरीक्षण कर अमृत भारत स्टेशन के तहत विकास कार्यो की समीक्षा करने के साथ बिजूरी-बैकुंठपुर घाट सेक्शन, समपार फाटक तथा परसा साइडिंग का भी निरीक्षण किया। परसा साइडिंग में निरीक्षण के दौरान लोडिंग सुरक्षा मापदंडों के अनुपालन के साथ किए जाने वाले कार्यो का अवलोकन, अंबिकापुर स्टेशन में यात्री सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा और पुनर्विकास कार्यो के तहत सुविधाओं का उन्नयन, वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म, पिट लाइन के कार्यो की जांच, स्टेशन में इंटरलाकिंग सिस्टम, पाइंट्स एवं स्विचों की कार्यक्षमता को जांचा। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान जीएम तरूण प्रकाश ने रेलखंड की संरचना, ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नल प्रणाली आदि का निरीक्षण तथा सुरक्षात्मक उपायों की समीक्षा के साथ बिजुरी-बैकुंठपुर घाट सेक्शन का पर सुरक्षा व संरक्षा मानकों का जायजा लिया। इसके अलावा कटोरा-सूरजपुर खंड के मध्य स्थित समपार ऊंचडीह फाटक, बैकुंठपुर स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। महाप्रबंधक के साथ बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, प्रधान मुख्य अभियंता, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी मौजूद थे।

## सीजी कॉलेज स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने मरीजों की सेवा की ली शपथ



**बिलासपुर।** सीजी कॉलेज स्कूल ऑफ नर्सिंग बिलासपुर, रायपुर द्वारा लखीराम आडिटोरियम में मैं भारत हूं, हम नर्स हम भविष्य की थीम पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माताओं का सम्मान करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री व लोकसभा सांसद तोखन साहू उपस्थित रहे। सीजी स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा शुक्रवार को लाइटिंग सेरेमनी व माताओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएस के छात्र-छात्राओं ने मानवता की सेवा में हमेशा तत्पर और निःस्वार्थ सेवा करने तथा कभी भी किसी भी मरीज को क्षति न पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही मरीजों की देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के माताओं का सम्मान कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। कॉलेज परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे छात्रों को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नगर निगम महापौर पूजा विधानी, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, गर्वमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल वर्तिका गौराहा, श्री राम केयर हास्पिटल की डायरेक्टर डॉ. निताशा सोनी, द्रोणा बचपन स्कूल की डायरेक्टर मीनू पाण्डेय, जिला अस्पताल की नर्सिंग सुप्रीटेंडेन्ट उर्मिला कुर्रे, सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य पुष्पेन्द्र कर्ष, उप प्राचार्या अंजनी कुमारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर डॉ. नवीन बागरेचा एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव ने किया।

■ सांसद तोखन साहू रहे मुख्य अतिथि

### लीवर कार्निवाल में जांच शिविर व दौड़

**बिलासपुर।** शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में गैस्ट्रोलॉजी डॉ देवेंद्र सिंह, आईएमए के जिला अध्यक्ष गोपेश दीक्षित, बीएनआई के किरणपाल सिंह चावला ने बताया कि 9 मार्च रविवार को लीवर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। शिविर लगा कर लोगों को स्वस्थ्य रहने के बारे में टिप्स दिए जाएंगे। इस कार्निवाल में लीवर प्रदर्शनी, जांच सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे। जिसमें वॉकथान, क्रिकेट, योग, ध्यान, जुंबा, एरोबिक्स भी शामिल है। कार्यक्रम शहर के मिनी स्टेडियम में होंगे। लिवर कार्निवल पर सुबह 6 बजे से दयालबंद के मिनी स्टेडियम में डॉ. किरणपाल सिंह चावला और उनके साथ गुरमीत अरोड़ा, सुरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार खुशालानी सभा लेंगे। जो सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक होगा। स्वागत भाषण डॉ. देवेंद्र सिंह देंगे।

## शैल वस्त्रालय में कॉटन प्रदर्शनी कॉटन संग-हर रूप, उमंग ऑफर 9 तक

बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** शैल वस्त्रालय में 1 मार्च से 9 मार्च तक कॉटन प्रदर्शनी कॉटन संग - हर रूप, उमंग का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कॉटन उत्पादों - चंदेरी, कोटा डोरिया, लिनन, खादी, मलमल, अजरख, बगरू दाबु इक्क्त, संबलपुरी, कलमकारी संगानेरी शिबारी, बंधेज को एक ही स्थान पर प्रदर्शित किया गया है। गर्मी के आगमन के पहले कॉटन संग प्रदर्शनी है। कॉटन से निर्मित एक अनूठा प्रयास काफी आरामदायक होते हैं।

ग्रीष्म उत्पाद में खासतौर पर इन्हें उपयोग में लाया जाता है। सह कम्फोर्ट विथ स्टाइल को प्रदर्शित करता है। शैल वस्त्रालय के डायरेक्टर विवेक गुप्ता और विनय गुप्ता ने बताया कि इस प्रदर्शनी में काटन उत्पाद को बढ़ावा देने और पारंपरिक वस्त्रों की महत्ता को उजागर करने का लक्ष्य रखा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत सूत और पारंपरिक कारीगरी को संजोने के इस सराहनीय प्रयास में शैल वस्त्रालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## बेलगहना में सहकारी बैंक खोलने विधायक अटल ने विस में की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में शून्यकाल में बेलगहना में सहकारी बैंक खोलने की मांग की।

अटल श्रीवास्तव ने सदन को अवगत करवाते हुए बताया कि बेलगहना क्षेत्र के कृषकों को सहकारी बैंक के कार्य हेतु 40 से 50 किमी दूर कोटा और रत्नपुर जाना पड़ता है। बेलगहना में सहकारी बैंक नहीं होने से लोगों को धन श्रम और समय की क्षति होती है।

विधानसभा में विधायक अटल श्रीवास्तव ने कोटा और रत्नपुर के कृषकों और ग्रामीणों को बैंक से पर्याप्त राशि नहीं मिलने का मामला भी उठाया, कृषकों द्वारा अपने पसीने की कमाई को धान बेचकर जिला सहकारी बैंक में में जमा किया गया है 1 कृषकों को वैवाहिक कार्य घर बनवाने इलाज करवाने हेतु राशि की आवश्यकता है पर सहकारी बैंक द्वारा खातेदार कृषकों को 1 लाख की आवश्यकता होने पर मात्र 20 से 25 हजार रुपया दिया जा रहा है। प्रायःबैंक द्वारा पैसा नहीं होने का हवाला देकर वापस कर दिया जाता है ,जिससे बैंकों में बहुत ज्यादा भीड़ भी हो रही है लोग अपने खुद का जमा राशि नहीं निकाल पा रहे है। इससे खातेदार परेशान हो रहे हैं।



■ खातेदार को मिल रहा 20 हजार रुपए

चौदहवीं पुण्यतिथि

"ममतामयी माँ आज ही के दिन हम सबको इस संसार में अकेला पंचतत्व में विलीन हो गई थी। ममता की स्नेहील छांव में बिताये गये पल जीवन हमारी प्रेरणा एवं संबल है..."



स्व. श्रीमती शारदा सिंह

निर्वाण तिथि: 08.03.2011

आपका आदर्शवादी जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करेंगे.

श्रद्धावनत्

माता बक्स सिंह (पति), संजय सिंह, सुधीर सिंह, खुशी सिंह, अभिषेक सिंह अदिति सिंह, आराध्या सिंह, अनिमेष सिंह, अनिकेत एवं समस्त सिंह परिवार

### फाउंडेशन में क्रिकेट का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट का प्रशिक्षण की शुरूआत हो चुकी है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को क्रिकेट की बारिकी बताई जा रही है। क्रिकेट प्रशिक्षण के लिए प्रवेश शुरू हो चुका है। क्रिकेट में रुचि दिखाने वाले खिलाड़ियों को फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया जाता है। एकेडमी के खेल मैदान में विभिन्न आयु वर्गों में बालक बालिकाओं को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाता है। जहां नई तकनीक से लैस विभिन्न प्रकार के इक्विपमेंट से बच्चों को बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण के गुण सिखाए जाते हैं। एकेडमी में हर आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने के लिए प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। फाउंडेशन द्वारा पिछले 18 वर्षों से बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और यहां से हर साल राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल रहे हैं। साथ ही यहां से प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी ने कहा है कि पालक अपने बच्चों के साथ खेल मैदान के कार्यालय में संपर्क कर बच्चों को प्रवेश दिला सकते हैं।

विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई...

कुछ छुपी बातों पर खुलकर बात करना अच्छा होता है

नमस्कार, मैं हूँ डॉ. नम्रता सिंह. मैं जानती हूँ की ज़्यादातर महिलाएँ अपने स्वाथ्य, ख़ास-तौर से अंतरंग स्वास्थ्य पर बात करने में हमेशा हिचकिचाती हैं और इसी वजह से धीरे-धीरे उनका आत्म-विश्वास कम होता जाता है, ज़िन्दगी की बहुत सी ख़ुशियों से दूर होती जाती हैं. मैं जानती हूँ क्यूँकि मैं भी एक महिला हूँ.

लेकिन याद रहे, यह सिर्फ़ हेल्थ से जुड़ा मामला नहीं है, इसलिए इस पर खुलकर बात करना ज़रूरी है. एक कॉस्मेटिक स्त्री रोग डॉक्टर के रूप में, मैं महिलाओं की हर मुश्किलों को समझती हूँ जो उम्र बढ़ने के साथ, या किसी अन्य कारण से शरीर में होती रहती हैं.

यहाँ बात सिर्फ़ सुंदरता से जुड़ी नहीं है, यहाँ बात सिर्फ़ स्त्री रोग की भी नहीं है. यहाँ बात है आत्मविश्वास की, अपने ही शरीर के साथ सहज महसूस करने की और हाँ ज़िन्दगी को बेहतर महसूस करने की.

याद रखिये आप अकेली नहीं है, करोड़ों महिलाएँ हैं आप जैसी, लेकिन सबसे अच्छी बात ये है कि इसका समाधान मौजूद है, आपके शहर में मौजूद है.

मुझे सीधी और खुली बातचीत में भरोसा है. कोई भी सवाल छोटा नहीं होता, कोई भी चिंता अजीब नहीं होती. मेरा काम आपको यह बताना नहीं है कि 'सामान्य' क्या होता है, बल्कि आपको अपने शरीर के साथ सहज और आत्मविश्वासी महसूस कराने में मदद करना है.

गैर-सर्जिकल ट्रीटमेंट से लेकर व्यापक प्रक्रियाओं तक, आपके लिए क्या सही रहेगा – यह हम मिलकर तय करेंगे. मेरे क्लिनिक में आप बिना किसी झिझक अपने मन की बात कह सकती हैं. यहाँ कोई जजमेंट नहीं होगा, बस सही जानकारी और आपके लिए बेस्ट समाधान की बात होगी.

अगर आप अपने शरीर के साथ पहले से ज़्यादा सहज और आत्मविश्वासी महसूस करना चाहती हैं, तो मुझसे मिलिए.

**याद रखिये, शरीर आपका है, ज़िन्दगी आपकी है, ख़ुद से प्यार करना आपका अधिकार है घमंड नहीं.**



डॉ. नम्रता सिंह
MBBS, DGO,
Diploma in cosmetic Gynaecology

AdPRAYAS



बिलासपुर, शनिवार 8 मार्च 2025 haribhoomi.com बिलासपुर हरिभूमि 5

# विश्व महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। आज जब हम महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की बात करते हैं, तो 8 मार्च का दिन खुद-ब-खुद एक प्रतीक बन जाता है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस खास दिन की शुरुआत कैसे हुई? क्या आप जानते हैं कि यह दिन नारी सशक्तिकरण, समानता और अधिकारों की लंबी लड़ाई का परिणाम है? आइए, इस आर्टिकल में हम आपको महिला दिवस के इतिहास और इसके महत्व के बारे में बताते हैं।

## महिला दिवस की शुरुआत कैसे हुई?

आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों के बराबर माना जाता था। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और 1908 में न्यूयॉर्क शहर में करीब 15,000 महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थी। इस आंदोलन ने पूरे विश्व का ध्यान खींचा और 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में एक अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि हर साल एक दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए समर्पित किया जाना चाहिए। इस विचार को कई देशों ने अपनाया और 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।




























































7- MAR- BSP- P-6 ZIN_Layout 1 3/8/2025 12:30 AM Page 1



हरिभूमि लाइव






## एसईसीएल की महिलाओं को प्रेरित करेंगी भारत की पहली मिसेज वर्ल्ड

एसईसीएल में शनिवार को होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में प्रसिद्ध कॉर्पोरेट कोच, अभिनेत्री एवं भारत की पहली मिसेज वर्ल्ड डॉ. अदिति गोवित्रिकर शिरकत करेंगी। एसईसीएल मुख्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वे एसईसीएल में कार्यरत महिला कर्मियों को एक वर्कशॉप के माध्यम से सफलता के गुर सिखाएंगी। डॉ. अदिति गोवित्रिकर एक अभिनेत्री, पूर्व मिसेज वर्ल्ड, मेडिकल डॉक्टर, हार्वर्ड प्रशिक्षित साइकोलॉजिस्ट और कॉर्पोरेट कोच है। उन्होंने न केवल सुंदरता और प्रतिभा की नई परिभाषा गढ़ी है, बल्कि बॉलीवुड फिल्मों और टीवी शोज़ में भी अपनी पहचान बनाई। उन्हें राजीव गांधी अवॉर्ड,



महाराष्ट्र रत्न अवॉर्ड और पेटा का ह्यूमेनिटेरियन अवॉर्ड जैसे कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से मनोविज्ञान में मास्टर्स किया है और अब कॉर्पोरेट जगत में वेलनेस और बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कोचिंग भी दे रहीं हैं। उन्होंने शादीशुदा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए "मारवेलस मिसेज इंडिया" ब्यूटी पेजेंट की शुरुआत की है, जिसका तीसरा सीज़न जल्द ही होने वाला है। कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी एवं कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे द्वारा हाल ही में हैदराबाद में खनन उद्योग में कार्यरत महिलाओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में एसईसीएल की भी तीन महिला कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। सम्मान पाने वाली महिलाओं में ऐश्वर्या सिंह बघेल, प्रबन्धक, पी सत्विका रत्नम, एमटी एवं आयुषी तिवारी शामिल रहीं। एसईसीएल में लगभग तीन हजार महिलाकर्मी हैं जो कि खदान, वर्कशॉप से लेकर कार्यालय में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकरअपना योगदान दे रही हैं।

स्वास्थ्य जागरूकता एवं विभिन्न स्पर्धाओं का होगा आयोजन

# रमन विवि में महिलाओं के लिए सात दिवसीय आयोजन का आगाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 3 मार्च से 9 मार्च तक सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 7 दिवसीय आयोजन का पर फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स : राइट इक्वलिटी इनपावरमट विषय पर कार्यक्रम किया जा रहा है, 7 दिनों तक विश्वविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता ,क्विज प्रतियोगिता,वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस एवं योग प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें की विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, विद्यार्थी एवं शामिल हो रहे हैं। 7 दिनों तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में रंगोली पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का विषय स्ट्रांगर हर, हेल्दीयर फ्यूचर, विषय रखा गया था, इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में, मेरे जीवन में महिला का महत्व विषय पर छात्राओं ने भाग लिया, तीसरे दिन वूमेन सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें आत्मरक्षा के गुण बताए गए। इसी तरह एरोबिक और योग भी किया गया। जिसमें की स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए जानकारी दी गई।

### पिंक ड्रेस में साइकलिंग का आयोजन

7 मार्च को वूमेंस एंड गर्ल्स राइट इक्वलिटी एंपावरमेंट विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया,इसके पूर्व में महिलाओं ने पिंक ड्रेस में एकरूपता का परिचय देते हुए साइकलिंग की। 8 मार्च को वूमेन एंड गर्ल्स राइट इक्वलिटी एंपावरमेंट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है. जिसमें कि केंद्रीय रेशम बोर्ड की डॉ विशाका जी रेड्डी एवं सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मार्टिना जॉन अतिथि वक्ता के रूप में शामिल होगी.यह आयोजन इंटरनल कंप्लेंट कमेटी, वूमेंस क्लब ,आइक्यूएसी के द्वारा आयोजित किया गया है. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष, कुल सचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी,, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ जयति चटर्जी एवं आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ संगीता सिंह, समन्वयक डॉ शांति राठौर, गुरप्रीत बग्गा, विश्वविद्यालय की प्राध्यापक अधिकारी छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे उपस्थित थे।



## महिलाओं का किया गया सम्मान

**8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा, जिसमें शहर में महिलाओं का सम्मान व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। शुक्रवार को महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न समाजिक संस्था, महाविद्यालय, महिला संगठनों द्वारा किटी पार्टी, होली मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने रोचक खेल भी खेले और पर्व की बधाई देते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाया।**



### महिला विंग ने किया होली मिलन का आयोजन

मित्र मंडल नेहरू नगर महिला विंग का महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश्वरी उद्देश्य गायनेकोलॉजिस्ट, रेणुका पिंगले, मुन्नी कृष्णमूर्ति बांधी, अध्यक्षता बसंती वर्मा ने की। कार्यक्रम संयोजिका शुभांगी प्रीति गुप्ता ने बताया कि आयोजन का यह दसवां वर्ष है। महापौर पूजा विधानी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना अवश्यक है। क्योंकि वह शिक्षित होकर दो कुलों को संवारती है। महिलाओं से संकल्प लिया कि वे घर मोहल्लों के साथ शहर को भी स्वच्छ रखने में अपना योगदान देगी। डॉ. राजेश्वरी ने स्त्रियों संबंधित होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहने के विषय में बताया। होली के गीतों पर डांस व गानों की प्रस्तुति दी। जिसमें निशा गुप्ता, गीता कोन्हेर, रोशनी गुप्ता, अर्चना ललित, वैशाली शुक्ला, रीटा तिवारी, निताशा सोमावार आदि का विशेष सहयोग रहा।



### महिलाओं ने की किटी पार्टी, विजेताओं को दिया पुरस्कार

विश्व महिला दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक डीजीएम की पत्नी ज्योति रंजन के नेतृत्व में रंगारंग किटी पार्टी का आयोजन स्टेट बैंक के गेस्ट हाउस में किया गया। इस दौरान बैंक अधिकारियों की पत्नियों के लेडीज क्लब द्वारा मनोरंजक खेल के माध्यम से महिलाओं का समग्र विकास व उत्थान विषय पर चर्चा की। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में इनमें ज्योति रंजन, आकांक्षा राय, जॉली झा, पायल मित्तल, मोनिका अग्रवाल, अदिति गुप्ता, अर्चना मित्तल, मुनमुन दास, रूबी तिवारी, श्वेता प्रसाद, अलका पोरवाल, दीपाली अग्रवाल, दीपिका जैन, लीना यद्दु, मेनका मेहर, संतोषी खरे आदि प्रमुख रही। ज्योति रंजन ने बताया कि आज मातृशक्ति पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर कर आगे बढ़ रही हैं, उम्मीद हैं कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक देश एक चुनाव के अमल होने पर महिलाओं को संसद में पर्याप्त स्थान मिल पायेगा।



### कालेज में महिलाओं का किया गया सम्मान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर वर्मा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला कार्यक्रम अधिकारियों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला संगठन कांति आंचल के दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी अर्चना झा एवं प्राचार्य डॉ. एस. एल. निराला शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय ने अध्यक्षता किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी रेखा गुल्ला, डॉ. मंजू माधुरी बाजपेई सहायक प्राध्यापक शा बिलासा कन्या महाविद्यालय, सुधा साहू, सुधा प्रवाह फाउंडेशन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अर्चना झा ने कहा कि महिलाओं को दोहरी जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य निभाना पड़ता है। प्राचार्य डॉ. निराला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र से संबंधित कार्यों से जुड़ा हुआ है, जिससे महिला एवं पुरुष दोनों के सहयोग से विकसित बनाया जा सकता है।

## मेडिकल की छात्राओं को मदद कर बढ़ा रहीं आगे

मन में सेवा का भाव हो तो इंसान जीवन में कुछ कर गुजरता है। सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं हॉकी प्लेयर रेखा गुल्ला के मन में भी सेवा का भाव शुरू से रहा है। वे हमेशा जरूरतमंद व प्रतिभावान बच्चों को मदद करती रहती हैं। अभी वे मेडिकल की दो छात्राओं को पढ़ा रही हैं।

श्रीमती गुल्ला ने बताया कि उनके द्वारा मेडिकल की उक्त दोनों छात्राओं को मेडिकल की पुस्तकें उपलब्ध कराने से लेकर सभी तरह का सहयोग किया जा रहा है। समय-समय पर उन बच्चियों को मार्गदर्शन भी देती रहती हैं। इससे उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में आगे जाने काफी सहयोग मिल रहा है। इनके सहयोग के चलते आज छात्रा सुमन गोयल शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में अध्ययनरत है। दूसरी छात्रा भूमि कोटा राजस्थान में कोचिंग कर रही है। वह शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में शामिल होगी। वहीं श्रीमती गुल्ला राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेल का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके चलते मध्यप्रदेश सरकार ने उन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी एवार्ड से सम्मानित कर चुकी है। उन्हें ध्यानचंद ट्रॉफी भी मिल चुका है। हॉकी खिलाड़ियों के लिए काम कर रहीं हैं। अब तक 15 सौ से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक एवं कई लोगों से नेत्रदान के लिए फार्म भरवा चुकी हैं। ज्ञात हो कि श्रीमती गुल्ला के पास एनसीसी सी. सर्टिफिकेट भी है। वे सात नेशनल हॉकी व पांच यूनिवर्सिटी में खेल चुकी है। वर्तमान में अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी में प्री-आरडीसी सिलेक्शन कमेटी में है।


सेवानिवृत्त शिक्षिका निरंतर कर रहीं जरूरतमंदों को सहयोग

### तेजस्विनी की बच्चियों को पढ़ाई ट्यूशन

तीन विषयों में पोस्ट ग्रेजुएट, बीएड रेखा पारिजात कालोनी स्थित तेजस्विनी संस्था की दो बेटियों को ट्यूशन स्वयं पढ़ाई हैं, जो कि अब ग्रेजुएशन कर निकल चुकी हैं। वहीं 50 से अधिक बच्चियों को ओपन स्कूल में प्रवेश दिलाने में मदद की है। इससे वे लोग हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर आगे की पढ़ाई कर रही हैं। दिव्यांगों को भी निरंतर सहायता करते आ रहीं हैं।

## निगम की महिला कर्मियों को पिंक रूम की सौगात

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निगम प्रशासन ने महिला कर्मियों को तोहफा देते हुए पिंक रूम की सौगात दी है। शुक्रवार को महापौर पूजा विधानी ने पिंक रूम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर निगम कमिश्नर अमित कुमार भी उपस्थित रहें।**


महापौर पूजा विधानी ने किया लोकार्पण

**बिलासपुर।** नगर निगम कार्यालय में महिला कर्मियों के लिए एक विशेष रेस्ट रूम की आवश्यकता काफी दिनों से महसूस की जा रही थी,जहां महिलाएं आपातकालीन स्थिति में रेस्ट और नव प्रसुताओं को नवजात बच्चें की देखभाल कर सकें। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने महिला अधिकारी-कर्मचारियों से जानकारी मांगी थी और त्वरित निर्णय लेते हुए कार्यालय में रेस्ट रूम निर्माण के निर्देश दिए थे। जिसके बाद आज विकास भवन के द्वितीय तल में पिंक रूम महिलाओं को समर्पित कर दी गई। महापौर पूजा विधानी ने कहा की यह एक बहुत अच्छी पहल है, महिलाएं अपने कर्तव्यों के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य और बच्चे की देखभाल भी कर सकेंगी। महिलाओं के लिए रेस्ट रूम और टॉयलेट होने से स्वच्छता, सम्मान और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। यह सौगात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिल रही है यह और भी खुशी की बात है।



### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

विकास भवन में महिला दिवस का आयोजन एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार पर 1 दिवसीय कार्यशाला की गई। जिसमें सभी महिलाओं को महापौर और आयुक्त द्वारा सम्मान किया गया। कार्यशाला में सुश्री मंगला देवरस (सेवानिवृत्त प्राध्यापिका), नुपूर उपाध्याय (डीएसपी), अपर आयुक्त खंजाची कुम्हार, संयुक्त संचालक (वित्त) करूणा पाण्डेय, समाज कल्याण अधिकारी रेणुका पिंगले, उपायुक्त दीपिका भगत, जोन कमिश्नर विभा सिंह, सहा. अभियंता श्रीमती वर्षा साहू सहित नवनिर्वाचित महिला पार्षद मधुबाला टंडन, केशरी इंगोले, अनिता कश्यप, वंदना चंद्रिकापुरे, कमला पटेल, रूपाली अनिल गुप्ता, गायत्री साहू, सीमा सिंह सहित निगम में कार्यरत सभी महिला अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंगला देवरस ने महिलाओं की समाजिक स्थिति पर व्याख्यान दिया गया एवं नुपूर उपाध्याय ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जानकारी दी।

### बेबी फीडिंग,बच्चों के खेलने पढ़ने का सामान भी

निगम कार्यालय में बनें पिंक रूम में महिलाएं बेबी फीडिंग करा सकती है, इसके अलावा छोटे बच्चों के लिए खिलौने, झूला,और चार्ट बोर्ड भी है, जिससे पढ़ाई भी किया जा सकेगा। इसके अलावा महिलाओं की सुविधा के लिए टॉयलेट, सोफा सेट, वातानुकूलित उपकरण समेत सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई गई है। विकास भवन में महिलाओं के सभी शौचालयों की मरम्मत एवं सुधार का कार्य किया गया है।

## साढ़े 6 करोड़ में बना प्रदेश का पहला पिंक स्टेडियम

**बिलासपुर।** स्मार्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड की ओर से प्रदेश का पहला पिंक स्टेडियम बिलासपुर में तैयार हो गया है। पिंक स्टेडियम यानी इसे सिर्फ महिला खिलाड़ियों के लिए मैदान ही तैयार किया गया है। जहां पर दस से अधिक प्रकार के खेलों का आयोजन व प्रशिक्षण की सुविधा मिल रही है। इस स्टेडियम के शुभारंभ के साथ ही महिला खिलाड़ियों को स्तरीय प्लेटफार्म मिलने लगी है। इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। महिला खिलाड़ियों को इस स्टेडियम के माध्यम से खेल के क्षेत्र में नई उड़ान मिल रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में जिले की महिला खिलाड़ी खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवार सकेंगे। शहर के बिलासा कन्या कालेज परिसर पर स्थित पौने दो एकड़ की जमीन में करीब छह करोड़ रुपए की लागत से पिंक स्टेडियम को बनाया गया है। इस स्टेडियम को बनाए जाने से पहले महिला खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ाने के लिए उचित खेल संसाधन नहीं मिल पा रहा था क्योंकि अन्य खेल मैदान, स्पोर्ट्स सेंटर में पुरुष खिलाड़ियों की भरमार रहती थी। ऐसे में महिला खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के लिए समय व मैदान उनके मुताबिक नहीं मिल पाती थी।

बिलासा कन्या कालेज परिसर पर स्थित पौने दो एकड़ की जमीन पर बनाया गया



महिलाओं के लिए 10 खेलों की सुविधा

### इन खेलों की मिल रही सुविधा

पिंक स्टेडियम के माध्यम से महिला खिलाड़ियों को नई उड़ान मिल रही हैं। इस स्टेडियम में एक साथ कई खेल खेलने की व्यवस्था है। जैसे खो-खो मैदान, एथलेटिक ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, लांग और हाई जंप ट्रैक, जागिंग ट्रैक, इंडोर जिम की सुविधा मिल रही है। इस पिंक स्टेडियम में एक मल्टी एक्टीविटी हाल भी अलग से बनाया गया है। जहां अलग-अलग खेल की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए रेस्ट रूम भी बनाया गया है। वहां पर दूसरे जिले व प्रदेश से आने वाले खिलाड़ी ठहर सकेंगी।

### खिलाड़ियों को स्तरीय प्लेटफार्म मिला

इस वजह से प्रतिभावान महिला खिलाड़ी होने के बाद भी वे खेल में आगे नहीं बढ़ पा रही थी। इस वजह से जिले के सैकड़ों प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों में नाममात्र की खिलाड़ी ही राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर पाती थी, लेकिन अब पिंक स्टेडियम की सुविधा मिलने के बाद महिला खिलाड़ियों को स्तरीय प्लेटफार्म मिलने लगा है। अब विभिन्न खेलों के अंतर्गत महिला खिलाड़ियों को अभ्यास करने के अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान में पूरा समय मिल रहा है। साफ है कि वे धीरे-धीरे अपने खेल विधा में दक्ष होते जाएंगे और आने वाले समय में यहां के महिला खिलाड़ी बिलासपुर का नाम रोशन करने के साथ ही खेलों में अपना स्वर्णिम भविष्य बना सकेंगे।

### आने वाले दिनों में होने लगेंगी राष्ट्रीय स्पर्धाएं

एक अच्छी बात यह भी है कि पिंक स्टेडियम में जितने भी मैदान की सुविधा दी गई है, वे सभी अंतरराष्ट्रीय मापदंड के अनुरूप बने हैं। ऐसे में यहां पर जिला स्तर के साथ ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भी संपन्न हो सकता है। ऐसे में अब आने वाले दिनों में स्कूल, कालेज व खेल संघ के खेल कैलेंडर के अनुसार होने वाली राज्य व राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा यहां हो सकेंगी। इनके साथ ही प्रतियोगिताओं में होम ग्राउंड होने के नाते से यहां की महिला खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलों में आगे बढ़ेगी।


हमनें बनाया है हम ही सवारेंगे
माननीय मोदी जी की गारंटी,
मान. विष्णुदेव साय जी का सुशासन और
मान. धरमजीत सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में
जनपद पंचायत तखतपुर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के
ऐतिहासिक निर्विरोध निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन...
बिलासपुर नगर निगम नगरीय निकाय चुनाव में 4 पार्षदो में से 3 पार्षद एवं
जिला पंचायत चुनाव में 4 में से 3 जिला पंचायत सदस्य विजयी होने पर
तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं
का हृदय से आभार...
डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार
अध्यक्ष जनपद पंचा. तखतपुर
संतोष कौशिक
गुरुजी
सौरभ पाण्डेय
विशाल सिंह
विक्की
राकेश तिवारी
उपाध्यक्ष जनपद पंचा. तखतपुर
श्रीमती ललिता संतोष कश्यप
जिला पंचायत सदस्य
श्रीमती भारती नीरज माली
जिला पंचायत सदस्य
श्रीमती अंबिका विनोद साहू
जिला पंचायत सदस्य
रवि मेहर
मंडल अध्यक्ष सकरी
रामकुमार निर्मलकर
मंडल अध्यक्ष काठाकोनी
नैंन लाल साहू
मंडल अध्यक्ष तखतपुर
दिनेश साहू
मंडल अध्यक्ष विजयपुर
विनोद यादव
मंडल अध्यक्ष गनियारी
दिलीप कोरी
पार्षद वार्ड क्रं. 02
श्रीमती किरण राजेन्द्र टंडन
पार्षद वार्ड क्रं. 03
श्रीमती कुसुम महाबली कोसले
पार्षद वार्ड क्रं. 04
श्याम सिंह धुव
जनपद सदस्य
भारत मरकाम
जनपद सदस्य
ऋषभ कश्यप
जनपद सदस्य
मनहरण कौशिक
जनपद सदस्य
रामकुमार सिंगरौल
जनपद सदस्य
दिलीप कुमार धुव
जनपद सदस्य
अरूण सिंह चौहान
जनपद सदस्य
परमेश्वर पटेल
जनपद सदस्य
लखन सूर्यवंशी
जनपद सदस्य
श्रीमती सावित्री मरकाम
जनपद सदस्य
श्रीमती लक्ष्मी दुर्गा साहू
जनपद सदस्य
श्रीमती संगीता अनिल टांडे
जनपद सदस्य
श्रीमती दुर्गा राजू सिंह
जनपद सदस्य
श्रीमती बबीता खाण्डे
जनपद सदस्य
श्रीमती सीमा अश्वनी श्रीवास
जनपद सदस्य
श्रीमती गीता यादव
जनपद सदस्य
श्रीमती कविता महेश यादव
जनपद सदस्य
श्रीमती जया जलेश्वर साहू
जनपद सदस्य
श्रीमती रंजना तुलसी कौशिक
जनपद सदस्य
श्रीमती शालिनी सुभाष गढ़ेवाल
जनपद सदस्य
श्रीमती सावित्री बलराम श्रीवास
जनपद सदस्य
श्रीमती रानी रवि सोनी
जनपद सदस्य
श्रीमती मेलन बाई उइके
जनपद सदस्य
महाकाल का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर


## खबर संक्षेप

### प्रेमप्रसंग में किशोर ने खाया जहर, मौत

**बिलासपुर।** किशोर ने प्रेमिका के घर में जहर खाकर खुदकुशी कर ली है, आनन फानन में लड़की की मां और किशोर के परिजन उसे सिम्स लेकर गए जहां इलाज के दौरान सिम्स में उसकी मौत हो गई। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कुदुदंड निवासी राहुल कुलमित्र पिता शैलेन्द्र कुलमिदत्र उम्र 17 वर्ष एसबीटी कालेज में प्रथम वर्ष का छात्र था। गुरूवार को वह 27 खोली निवासी अपनी प्रेमिका से मिलने गया, इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे लड़की के परिजनों ने राहुल के घर में फोन कर बताया कि उनके बेटे के मुंह से झाग निकल रहा है । इसके बाद उनके परिजन और मोहल्ले के अन्य लोग लड़की के घर पहुंचे, इस दौरान राहुल बेहोशी की हालत में था। परिजन राहुल को लेकर सिम्स पहुंचे। रात में इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने किशोर की मौत के बाद मामला दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को सिम्स में शव का पोस्ट मार्टम किया गया।

### बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने 6 नग बैटरी और आई 20 कार जब्त किया है। मामले के अनुसार दोमुहानी निवासी रवि साहू ने तोरवा थाने में शिकायत की थी कि 4 मार्च को अज्ञात आरोपियों के द्वारा ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की गई है। गुरूवार को वाहन चैकिंग के दौरान आई 20 कार क्रमांक सीजी 12 ए ल 0414 की जांच की गई। जिसमें दो संदिग्ध मिले। कार की तलाशी के दौरान 2 नग बैटरी बरामद की गई। पुलिस ने दोनों से पूछताछ शुरू की, जिसमें आरोपियों ने बताया कि वे कोरबा से घूमने आए थे, इस दौरान खड़े वाहनों की बैटरी चोरी करते है और घटना से दूर जाकर बैटरी छिपाते हैं। ग्राहक मिलने पर बैटरी बेच देते हैं। पुलिस ने मामले में कोरबा ट्रांसपोर्ट नगर चिमनी भट्ठी निवासी मो. जाहिद पिता अब्दूल कलीम उम्र 22 वर्ष और पोड़ी बहार कोसाबाड़ी रामपुर कोरबा निवासी एस कामेश पिता शिवलाल प्रसाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 नग बैटरी और आई 20 कार जब्त कर ली गई है।



**भाजपा के 9 व कांग्रेस के 7 सदस्य** — कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित, भाजपा चुनाव के ठीक पहले करेगी प्रत्याशी की घोषणा

# जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव आज, भाजपा के पास पहले से बहुमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए घमासान चल रहा है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव शनिवार को होगा।

जिला पंचायत में 17 नवनिर्वाचित सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं और उन्हीं के बीच से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुना जाएगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशी खड़ा करने का निर्णय लिया है और अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा भी कर दी है, जबकि भाजपा सुबह चुनाव के ठीक पहले अपने प्रत्याशी घोषित करेगी। इसके लिए पहले भाजपा कार्यालय में जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक रखी गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रत्याशी चयन के लिए भाजपा के पर्यवेक्षक राजीव अग्रवाल भी रात में यहां पहुंच जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद बड़ा होता है और



जिला पंचायत अध्यक्ष का कार्यक्षेत्र पूरे जिलेभर में ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। इसलिए जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर राजनीतिक दलों के बीच काफी उठापटक चल रही है। जिला पंचायत में सदस्यों के कुल 17 पद हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तहत इसमें भाजपा समर्थित 9 सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं, जबकि कांग्रेस के पास 7 ही सदस्य हैं। इसके बाद भी कांग्रेस अपने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनाने की कवायद में जुटी हुई है। दूसरी तरफ भाजपा के पास पहले से ही बहुमत है, इसलिए भाजपा अपने सदस्यों को टूटने से बचाने में लगी हुई है।

### अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के ये दावेदार

जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। इसलिए जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी एससी वर्ग के उम्मीदवार को मिलेगी। कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर आए श्रीमती सतकली बावरे को समर्थन देकर अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को कांग्रेस ने उपाध्यक्ष का प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी अधिकृत नहीं किया है, किन्तु दो दावेदारों के नाम को लेकर चर्चा बनी हुई है। भाजपा में एससी वर्ग से बिल्हा क्षेत्र क्रमांक 2 से राजेश सूर्यवंशी चुनाव जीते हैं और पहले भी जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। एससी वर्ग से मस्तूरी क्षेत्र क्रमांक 11 से अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या चुनाव जीतीं हैं। भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए यहीं दो दावेदार प्रमुख माने जा रहे हैं।

### जिपं में ये है सदस्यों की स्थिति

1. अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप - भाजपा, 2. राजेश सूर्यवंशी - भाजपा, 3. श्रीमती स्मृति श्रीवास - कांग्रेस, 4. श्रीमती अनिता शुक्ला - कांग्रेस, 5. गोविंद राम यादव - भाजपा, 6. ललिता कौशिक - भाजपा, 7. शिवेन्द्र प्रताप कौशिक - कांग्रेस, 8. भारती माली - भाजपा, 9. अम्बिका विनोद साहू - भाजपा, 10. राजेन्द्र धीवर - कांग्रेस, 11. श्रीमती अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या - भाजपा, 12. दामोदरकांत - कांग्रेस, 13. सतकली बावरे - कांग्रेस, 14. राधाखिलावन पटेल - भाजपा, 15. निरंजन पैकरा - भाजपा, 16. रजनी मरकाम - कांग्रेस, 17. जयकुमारी प्रभु जगत - निर्दलीय।

**कार्रवाई : अरपा- भैंसाझार का मामला, विभाग ने किया बर्खास्त**

# मुआवजा प्रकरण में गड़बड़ी विवादित आरआई पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भ्रष्टाचार मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व निरीक्षक मुकेश साहू को राज्य सरकार ने बर्खास्त कर दिया है। बिलासपुर के राजस्व निरीक्षक मुकेश साहू के खिलाफ अनियमितता की गंभीर शिकायत की गई थी। तखतपुर में पटवारी रहते मुकेश साहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में जांच समिति भी गठित की गई थी।

आरआई साहू के खिलाफ लंबे समय से विभागीय जांच जारी है। उक्त आरआई के खिलाफ 24 जुलाई 2021 को कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी, इसके बाद 26 जुलाई 2021 को उन्हें शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। उचित जवाब नहीं आने पर उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया गया था। निलंबन के बाद विभागीय जांच शुरू की गई।

जांच में इस बात की जानकारी हुई कि मुकेश साहू की वजह से शासन को 3 करोड़ 42 लाख से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ है, इसके बाद आयुक्त भू अभिलेख ने उन्हें बर्खास्त कर दिया है। वे वर्तमान में बेलतरा में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। उनके खिलाफ चार पन्ने का आरोप पत्र भी विभाग की तरफ से जारी किया गया है।



आरआई पर आरोप है कि सकरी तहसील के सकरी हल्का नंबर 45 में भू अर्जन प्ररण में 4 बार प्रतिवेदन आरआई मुकेश साहू के द्वारा दिया गया है, जो परस्पर विरोधाभाषी है और रकबों में भिन्नता है, जिससे भू अर्जन के मुआवजा में विसंगति आ चुकी है।

विभागीय जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरआई मुकेश साहू द्वारा दस्तावेजों में छेड़छाड़ की गई है। अरपा भैंसाझार परियोजना के अंतर्गत चकरभाठा वितरण नहर निर्माण में अधिग्रहित जमीन के सकरी खसरा नं 1 बटे 6 व 1 बटे 4 के अर्जन एवं डायवर्सन में गड़बड़ी करते हुए उक्त भूमि को व्यावसायिक दर्ज किया गया था। इसी तरह अन्यण प्रकरणों में भी भू स्वामियों को फायदा पहुंचाते हुए शासन द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि का बेजा भुगतान कराया गया था। इस दौरान अनावश्यक मुआवजा के चलते

■ ये हैं आरोप

शासन को 3 करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रूपए का नुकसान उठाना पड़ा है। अरपा भैंसाझार नहर निर्माण के लिए हुए जमीन विवाद भी इसी के चलते उपजा था। अब तक इस योजना का पानी किसानों को नहीं मिला है। इसी प्रकार सकरी महाल 3 खसरा नंबर 1, 9 और 10 में हुए बटांकन को बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश से मर्ज कर भू नक्शों पोर्टल में मूल नंबर कर दर्शाया गया था।

# तेज रफ्तार हाईवा ने मारी टक्कर बाइक सवार छात्र की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे उसके अन्य दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरूवार शुक्रवार की रात 2 बजे की है। वहीं नेहरू चौक पर ट्रिप्लिंग जा रहे बाइक सवार को हाईवा ने रौंद दिया है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मृतक



घायल

जानकारी के अनुसार, रायगढ़ ब्लॉक पुसौर ग्राम सुलौनी निवासी अविनाश पटेल उम्र 19 वर्ष बिलासपुर के दयालबंद स्थित नारियल कोठी के मौर्य हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था, वह डीपी विप्र कालेज में बीएससी फाइनल ईयर का छात्र था। शुक्रवार की रात को वह अपने दोस्त चैतन्य कर्ष और रितुष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान रात 2 बजे नेहरू चौक के पास तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अविनाश पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में चैतन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान अन्य दोस्त रितुष को मामूली चोट आई है। आसपास के लोगों ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 के जवान धीरेंद्र तोमर मौके पर पहुंचे और घायल चैतन्य व रितुष को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

वहीं, हादसे की जानकारी सिविल लाइन पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक नियंत्रण नहीं रख सका और बाइक सवारों को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया है।

### भाई के साथ रहता था अविनाश

बताया जा रहा है कि अविनाश के साथ ही उनका बड़ा भाई गुलशन पटेल भी बिलासपुर में रहकर पढ़ाई करता है, वह पीएससी की तैयारी कर रहा है, करीब एक सप्ताह पहले ही वह अपने गांव गया था, शुक्रवार को उसके भाई की मौत की खबर मिली, जिसके बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड टूट पड़ा है।

### पुलिस कर रही फुटेज की तलाश

घटना के बाद सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है, वहीं घटना के बाद नेहरू चौक के आसपास लगे कैमरों से फुटेज तलाशने में जुट चुकी है। मालूम हो कि आए दिन सड़क हादसों में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, रात होते ही शहर की सड़कों पर भारी वाहन मौत बनकर दौड़ रही है।

### केडिया बने राज्य उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति से संबंधित योजना तैयार करने के लिए राज्य उच्च शिक्षा परिषद का गठन शिक्षामंत्री की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सदस्य के रूप छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया को नामित किया गया है।



इस समिति में सचिव उच्च शिक्षा, सचिव वित्त, सचिव तकनीकी शिक्षा, सचिव स्कूली शिक्षा के अलावा गुरूघासीदास केन्द्रिय विवि के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल, अटल बिहारी बाजपेयी विवि कुलपति डॉ. ए.डी.एन. बाजपेयी के अलावा अनेक कुलपति एवं शिक्षाविद् है। जिला उद्योग संघ अध्यक्ष अनिल सलूजा, महासचिव शरद सक्सेना, कोषाध्यक्ष सुखिजा एवं पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, सुनील मरदा, जितेन्द्र गांधी, विनोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अरविंद गर्ग, चंद्रकांत भट्ट, एसपी चतुर्वेदी श्री केडिया के मनोनयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# महिला पंच की जगह पति ने ली गोपनीयता की शपथ



नवनिर्वाचित महिला पंच का पति शपथ लेते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवनिर्वाचित महिला पंच की अनुपस्थिति में सचिव ने उसके पति को पंच और गोपनीयता की शपथ दिला दी। साथ ही शपथ पत्र ओर रजिस्टर में फर्जी दस्तखत भी करवा दिया। जिसकी शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की गई है।

■ मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मामले की शिकायत

महिला दिवस के एक दिन पूर्व बिल्हा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पेण्डरवा (उ) में एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। पेण्डरवा की सरपंच अंजनी बाई बैगा ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र के माध्यम से शिकायत करते हुए बताया कि 3 मार्च को ग्राम पंचायत पेण्डरवा में पंच-सरपंच शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें सचिव अनिता गुप्ता ने अपने पद का गलत उपयोग करते हुए वार्ड क्रमांक 8 की विजयी पंच प्रिया साहू के अनुपस्थित रहने पर उसके पति लखन लाल साहू को पंच पद की शपथ दिलवा दी। साथ ही पत्नि के नाम पर शपथ पत्र व रजिस्टार में फर्जी हस्ताक्षर भी करवाया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
श्री Ram JEWELLERS Madhya Nagari Chowk, Bilaspur
8 March Happy Woman's Day
प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी
द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंटर
तृतीय पुरस्कार डिनर सेट
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ..........
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ..........
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ..........
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ..........
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ..........
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ..........
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ..........
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ..........
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ..........

छुपा है हर घर में हुनर — एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join A Graduation Degree Program in Association with Dr CV Raman University, Kota, BSP
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
Summer Camp for KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Admissions Open For New Session
ARENA ANIMATION Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JES COLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL
JES COLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्ठि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्ठि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........
फोटो यहां चिपकाएं

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT | NiceTec COMPUTER EDUCATION Since 1992 | REGISTER NOW
SC और ST वर्ग की महिलाओं के लिए निःशुल्क अन्य वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध NIELIT भारत सरकार के तत्वाधान में
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
फ्रेंचाइज़ी ओपनिंग Certificate सीधे भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
Courses Available For Training:- "O" Level
NiceTec Building, Idgah Chowk, Bilaspur Mo. 9713297588, 8770020992, 7879659562, 8817215921

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक 29 अप्रैल 2025, 10 मई 2025, 23 मई 2025, 02 जून 2025, 29 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

7-MAR--REGNOL-pg-6-ALTAR_Layout 1 3/8/2025 12:33 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने खिलाड़ियों को किया हरीझंडी दिखाकर रवाना



**मुंगेली।** मुंगेली के 7 दिव्यांग बच्चे एवं उनके शिक्षक राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिलासपुर रवाना हुए। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस प्रतियोगिता में बच्चे विभिन्न खेलकूद, साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक अजय नाथ, एपीसी अशोक कश्यप, बीआरपी संजीव सक्सेना एवं स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे उपस्थित रहे।

### 10 दिनों तक चलेगा कोटसागर तालाब मेला



**करगीरोड कोटा।** कोटसागर तालाब के पास लगने वाला मेला इस बार दस दिनों तक चलेगा। कोटेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र बिंदु है। यहां 108 वर्षों से मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस 10 दिवसीय मेले में विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र हैं। साथ ही मेले में कई तरह की दुकानें भी लगाई गई हैं। नव निर्वाचित नगर पंचायत सरोज दुर्गेश साहू ने मेले की देख-रेख एवं व्यवस्थाओं की निगरानी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोग कोट सागर तालाब में स्नान कर महोदव का जलाभिषेक करते हैं। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से लोग यहां पहुंचते हैं एवं मेले का लुफ्त उठाते हैं। मन्दिर की देख-रेख प्रदीप गुप्ता, जय भोले परिवार, अप्पल स्वामी, पुजारी गिरीश महराज तिवारी करते हैं।

### डिप्टी सीएम की पहल पर 4 अरब से अधिक का सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत




**लोरमी।** स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लगभग 80 विभिन्न गांवों की सड़कों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क निर्माण कार्य को बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्माण कार्य के लिए लगभग 4 अरब से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि अरुण साव क्षेत्र में जब से विधायक बने हैं पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि वार्षिक बजट में इस सड़क निर्माण कार्य को शामिल करने से लोरमी क्षेत्र की दशा एवं दिशा बदल जाएगी। स्वीकृत कार्यो में पुल, पुलिया से लेकर वर्षों से उपेक्षित मार्गों का उन्नयन सुनिश्चित किया गया है। ज्ञात हो कि 50 वर्ष में ऐसा कभी नहीं हुआ कि इतनी व्यापक संख्या में ग्रामीण अंचल की सड़कों के लिए कार्य योजना को धरातल पर मूर्त रूप दिया गया हो। उक्त सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति से लोगों में खुशी का माहौल है।

### सेमरचुवा में मतदाता सम्मान समारोह




**जरहागांव।** ग्राम पंचायत सेमरचुवा में सरपंच प्रतिनिधि ने मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित कर उन्हें श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंच राजेश्वरी गौरीशंकर पटेल, उर्मिला आत्माराम मंडावी, नरेंद्र पटेल, चैतराम पटेल, ललिता मनहरण मंडावी, ऊषा सत्यनारायण ध्रुव, ज्योति चंद्रभान जायसवाल, कल्याणी संतोष यादव, शांति राधे श्याम यादव, रानी देवी, ऊषा सदाबृज पेटल, पवन जायसवाल, प्यारेलाल यादव, सुभाष कुमार यादव, मिनी नरेंद्र शर्मा सचिव किरण पात्रे, अरविंद पटेल, छोटू ध्रुव, लोकेश प्रताप सिंह, मदन कर्मकार, महेश पटेल, सुरेश यादव, हरनारायण मंडावी, विवेक अश्वनी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### सक्षम योजना से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं



**बिल्हा/बोदरी।** महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों के लिए चलाई जा रही महिला सक्षम योजना एवं स्त्री शक्ति योजना के तहत इंडियन ओवर सीज बैंक शाखा हिर्री में आईओबी बैंक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के एडीओ नंदकिशोर सिंह ने शासन द्वारा महिला स्व सहायता समूह के लिए चलाई जा रही योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बैंक द्वारा महिला समूह की 12 महिलाओं को पर्सनल लोन के रूप में अस्सी-अस्सी हजार रुपये और 10 महिला स्व सहायता समूहों को 16 लाख रुपये लोन दिया गया। इस अवसर पर लीड बैंक आफिसर दिनेश उराव, एफएलसी सुधीर देशकर, जनपद पंचायत बिल्हा एडीओ नंदकिशोर सिंह, आईओबी बैंक मैनेजर मुकेश कुमार, बिलासपुर आईओबी ब्रांच मैनेजर विल्सन होरो, भोला चंद्र नायक उप प्रबंधक, अमीना बर्वा और हितग्राही समूह की सदस्य उपस्थित रहे।

# युवा वर्ग के लिए प्रेरणादायक है धनेश्वरी के संघर्षों की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

महिला दिवस विशेष

- आर्थिक तंगी से उठकर तय किया फर्श से अर्श तक का सफर

कहते हैं कि जिस इंसान का बचपन मुसीबतों और भीषण संघर्षों के बीच गुजरा हो वह जीवन की किसी भी चुनौती का समना बड़ी आसानी से कर सकता है। ऐसा व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता के शिखर तक पहुंचने का रास्ता बना लेता है। कुछ ऐसी ही कहानी है मल्हार की नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त की। धनेश्वरी के माता-पिता ईंट भट्ठे में मजदूरी करने दूसरे राज्य गए हुए थे इसी दौरान धनेश्वरी का जन्म हुआ। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि धनेश्वरी की प्रारम्भिक जिंदगी कितनी गरीबी व लाचारी में गुजरी होगी।

भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही महिलाओं को समाज और परिवार में महत्वपूर्ण स्थान मिला हुआ है। अब सरकारें भी उनके उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाएं चलाकर उनको हुनरमंद बना रही हैं। वर्तमान समय में हमारे देश की महिलाएं शिक्षित व सशक्त होकर सार्वजनिक जीवन में अपनी पूरी सहभागिता निभा रही हैं ऐसा ही एक उदाहरण है मल्हार की नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त का जो 18 वर्ष पूर्व ब्याह के बाद ग्राम दगौरी से मल्हार आई थीं। तब मायके में जितनी गरीबी थी उतनी ही गरीबी ससुराल में भी थी। इन सबके बीच जीवन का सफर रोजी मजदूरी करते निकला जा रहा था। उन्होंने अपने जन्म के समय की कहानी बताते हुए कहा कि खेती-बाड़ी नहीं होने और घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उनके माता पिता ईंट भट्ठे में मजदूरी करने प्रयागराज गए थे। वहीं उनका जन्म हुआ था। विपरीत परिस्थितियों के कारण वे स्कूल भी नहीं जा पाईं एवं 18 वर्ष की उम्र में मल्हार के धनेश्वर कैवर्त से उनकी शादी हुई। आर्थिक तंगी के कारण पति रोजी-मजदूरी का काम करते थे, लिहाजा शादी के बाद धनेश्वरी भी पति के साथ रोजी-मजदूरी का काम करने लगीं। समय बीतता रहा और कुछ दिनों बाद मेला चौक में किराए की दुकान लेकर उन्होंने एक जनरल स्टोर की दुकान खोल लिया। साथ ही अपनी छोटी सी बाड़ी में दोनों ने मशरूम की खेती शुरू की, जिससे धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति में सुधार आया। इसी बीच धनेश्वरी पति के साथ एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ कर काम करने लगीं। इसी दौरा वक्त ने करवट लेना शुरू किया और वे क्षेत्र के लोगों के बीच अपना स्थान बनाने में कामयाब रहीं। समाज सेवा को सर्वोच्च कर्म मानते हुए उन्होंने राजनीति के माध्यम से लोगों की सेवा जारी रखी। इसी बीच नगर नपं अध्यक्ष के लिए पार्टी से टिकट की मांग की और पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए टिकट दे दी। कार्यकर्ताओं के सहयोग से उन्होंने चुनाव जीतने में सफलता हासिल की नपं अध्यक्ष चुनी गईं। उन्होंने कहा कि नगरवासियों के विश्वास पर खरा उतरने और नगर के समुचित विकास व अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने संघर्षरत रहेंगी।



### चुनौतियों का डट कर करेंगी मुकाबला

धनेश्वरी कैवर्त का कहना है कि महिला होने के नाते अध्यक्ष की कुर्सी संभालना चुनौतीपूर्ण भी है। लेकिन वे ऐसी चुनौतियों से निबटने को तैयार हैं, क्योंकि उनके पीछे नगर की नारी शक्ती की दृढ़ इच्छाशक्ति और पुरुषों के हौसले हैं। उनका मानना है कि मल्हार ऐतिहासिक पुरातात्विक व सांस्कृतिक समृद्धि का समायोजित नगर है। प्राचीन समय से ही मल्हार धर्म प्रेमियों के लिए आस्था का केंद्र रहा है। ऐसे में धर्मनगरी के अनुरूप नगर का समुचित विकास हो यह सुनिश्चित करेंगे।

## महिला दिवस पर होंगे विविध आयोजन




**मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 3 मार्च को शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल करही तथा 4 मार्च को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चातरखार व जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा ने बताया कि यह पहल बालिकाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी श्रीमती सीतामणी कच्छप, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक सुश्री सुनीता दादवानी और लक्ष्मीनारायण सोनवानी ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सरकारी योजनाओं, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य जे.एस. ध्रुव, देवेन्द्र कुमार साहू, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष रामकमल, उपाध्यक्ष पुष्पलता सहित सदस्यों ने ली शपथ

# क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए करें कार्यः मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- अधिकारियों से तालमेल बनाकर कार्यो को गति प्रदान करें : लखनलाल

नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पलता मोहले एवं जनपद सदस्यों के शपथ ग्रहण समरोह का समारोह का आयोजन जनपद सभाकक्ष भवन में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक एवं पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले बतौर मुख्य आतिति उपस्थित रहे एवं पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जनप्रतिनिधियों को शपथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी ने दिलाई। नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह को शंकर सिंह परिहार ने पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की।

नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह जनपद सभाकक्ष में आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को जनपद सीईओ राजीव तिवारी ने शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित जनपद पंचायत परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व खाद्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आज सभी सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली है। आशा है कि सभी अपने क्षेत्र की समस्याओं को ध्यान में रख कर उनके निदान को प्राथमिकता में रख कर कार्य करेंगे। स्थानीय विधायक एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष होने के नाते मेरा सहयोग जनपद पंचायत परिवार को हमेशा मिलता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि जनपद एक परिवार की तरह होता है, जहां सभी सदस्य क्षेत्र के विकास एवं मूलभूत समस्याओं को हल करने के लिए आपस में मिल जुल कर प्रयास कर क्षेत्र के विकास में तेजी ला सकते हैं। जनप्रतिनिधि अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर समस्याओं के निदान तथा विकास कार्यो को गति प्रदान करें। पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। जनता ने विश्वास कर जो नई जिम्मेदारी आपको सौंपी है, उसका निर्वहन करें। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक ने कहा कि सभी जनपद सदस्य आपस में मिल जुलकर कार्य करेंगे तो क्षेत्र का विकास होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि जनपद सदस्यों को आपस में एक परिवार के रूप में मिलकर चलने से ही विकास कार्य हो पाते हैं। उन्होंने जनपद की नई टीम से ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद देते हुए क्षेत्र के विकास की कामना की। जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता पदमनी मोहले ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से जनपद में विकास कार्यो को गति देंगे। क्षेत्र के विकास के लिए हम सदैव संकल्पित रहेंगे। कार्यक्रम को डॉ सुरेश केशरवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीकांत पाण्डेय, उमाशंकर साहू, रजनी मानिक सोनवानी, जनपद सदस्य पवन पाण्डेय, राज साहू, तुलसीराम साहू, लोकनाथ सिंह एवं शंकर सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश मिश्रा ने किया। आभार जनपद सीईओ राजीव तिवारी ने किया। इस अवसर पर शंकर सिंह परिहार, सुनील पाठक, राणाप्रताप सिंह, सोम वैष्णव, द्वारिका जायसवाल, राधाचरण सिंह, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भाजपा राजीव श्रीवास, नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, आशुतोष पाण्डेय, मोहन मल्लाह, चंद्रकुमार जोगवंश, लालाराम साहू, गोकुलेश सिंह, संतोष पटेल सहित जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, ग्रामीणजन तथा भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




शपथ ग्रहण में उपस्थित सदस्य।

## सरगांव नगर पंचायत में उपाध्यक्ष के लिए उठापटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



- भाजपा-कांग्रेस दोनों के पास सात-सात पार्षद
- एक निर्दलीय पार्षद पर टिकी निगाहें

नगर पंचायत सरगांव में प्रत्याशियों ने शपथ ग्रहण के बाद पद भार ग्रहण कर लिया है। अब नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद के लिए कवायद शुरू हो गया है। दरअसल 15 पार्षद सीट वाली नगर पंचायत में भाजपा तथा कांग्रेस के 7-7 पार्षद और वार्ड क्रमांक 4 से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने बाजी मारी है। इस एक निर्दलीय सीट ने दोनों राष्ट्रीय पार्टियों का खेल बिगाड़ दिया है।

बता दें कि दो पंचवर्षी चुनावों में पिछड़ी भाजपा ने चुनाव में दमदार प्रदर्शन किया और नगर अध्यक्ष के पद पाने में सफलता पाई है। नगर पंचायत में उपाध्यक्ष के लिए बहुमत का आंकड़ा 9 है जबकि दोनों पार्टियों के पास अध्यक्ष का मत मिलाकर 8-8 के आंकड़े हैं। निर्दलीय प्रत्याशी कृष्णा साहू पूर्व में कांग्रेस कार्यकर्ता रहा है जिसे पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ने के कारण पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है परंतु चुनाव जीतने के बाद समीकरण बदला है। शपथ ग्रहण समारोह में निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा कांग्रेस समर्थित गमछा लगाकर शपथ लेने से यह साफ हो गया कि उनका रुझान कांग्रेस के ही तरफ है। निर्दलीय प्रत्याशी को मिला भी दिया जाए तो भी कांग्रेस के पास मात्र आठ वोट होते हैं जो बहुमत से एक कम है वहीं नगर पंचायत सरगांव में भाजपा के सात पार्षद तथा अध्यक्ष का एक मत मिलकर भी भाजपा के पास सिर्फ आठ वोट हैं कुल मिलाकर दोनों पार्टी बहुमत से एक कदम पीछे है। निर्दलीय पार्षद कृष्णा साहू का कहना है कि कांग्रेस द्वारा मुझे 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है अगर बिना शर्त मुझे उपाध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया जाता है तब मेरा समर्थन कांग्रेस को होगा और पार्टी चाहेगी तो कांग्रेस ज्वाइन कर लूंगा। मुझे नियम की जानकारी है। नगर अध्यक्ष को मतदान करने का अधिकार नहीं है अगर कांग्रेस मुझे समर्थन देती है तो कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनना तय है। नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष परमानंद साहू का कहना है कि जहां चाह वहां राह है। हम उपाध्यक्ष प्रत्याशी भी उतारेंगे और जीत कर भी आएंगे।

### जोड़ तोड़ का खेल शुरू

जोड़ तोड़ की राजनीति हमेशा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाती आई है। पिछले पंचवर्षीय में भी कांग्रेस के पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग कर अपने अध्यक्ष को गिरा दिया था जिसके बाद नगर अध्यक्ष के रूप में भाजपा के परमानंद साहू मनोनीत हुए थे जीत के लिए सिर्फ एक वोट की जरूरत है देखने वाली बात यह है कि कहीं इतिहास दोहराते हुए कांग्रेस फिर क्रॉस वोटिंग का शिकार ना हो जाए।

### उपाध्यक्ष के संभावित नाम

भाजपा से मनोज यादव, भाजपा से रामकुमार कौशिक, कांग्रेस से एजाज अहमद, कांग्रेस से सुशील यादव, कांग्रेस से रामखेलावन साहू, निर्दलीय प्रत्याशी कृष्णा साहू उपाध्यक्ष के लिए संभावित नाम हैं।

### अध्यक्ष कर सकेंगे मतदान

नगर पंचायत अध्यक्ष को निर्वाचित सदस्य होने के कारण मतदान करने का अधिकार है उनके द्वारा मतदान भी किया जाएगा। अगर यह अफवाह उठ रही है कि अध्यक्ष को मतदान करने का अधिकार नहीं है यह गलत है।

-भरोसा राम ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पथरिया।

## समीरा बनी पहली जिला पंचायत अध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह उपाध्यक्ष



**पेंड्रा।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत जिला पंचायत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव परियोजना सभा कक्ष में हुआ। निर्वाचन में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए समीरा पैकरा और बीजेपी समर्थित प्रत्याशी राजेश नंदिनी आर्मो ने नामांकन भरा था, जिसमें समीरा पैकरा जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं। अपनी जीत के साथ ही समीरा पैकरा गौरेला -पेंड्रा-मरवाही जिला पंचायत की पहली अध्यक्ष बन गई हैं, वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर अजीत उपेंद्र बहादुर सिंह (राजा) और बीजेपी समर्थित श्याममणि राठौर ने नामांकन भरा जिसमें उपाध्यक्ष पद पर अजीत उपेंद्र बहादुर सिंह (राजा) निर्वाचित हुए। निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के बाद जिला पंचायत पीठासीन अधिकारी अमित बेक ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान किया। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद पर समीरा पैकरा और उपाध्यक्ष पद पर राजा उपेंद्र बहादुर के निर्वाचित होने के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी हो गया है जिसमें एक ओर मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची एवं संगठन है तो वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी समीरा पैकरा हैं। मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने अध्यक्ष पद पर समीरा पैकरा के निर्वाचित होने पर इस जीत को कांग्रेस की गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में बड़ी जीत बताया। मरवाही विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी समीरा पैकरा के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक कांग्रेसी ही रहे। वहीं राजा उपेंद्र बहादुर सिंह के जीत को लेकर अभिज्ञता जताई जबकि समीरा पैकरा और राजा उपेंद्र बहादुर जीत के बाद बीजेपी कार्यालय पहुंचे और पार्टी के प्रति निष्ठा जाहिर करते हुए गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला पंचायत पर बीजेपी की जीत की बात कही। वहीं मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची के आरोप के बाद बीजेपी में एक नया विवाद छिड़ गया है और सियासी गलियारे में गुटबाजी को लेकर चर्चा का विषय बन गया है।

## नगर पालिका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ

**मुंगेली।** नगर पालिका कार्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने शपथ ली। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पार्षदों ने भाजपा के जयप्रकाश मिश्रा को नगर पालिका का उपाध्यक्ष चुना। शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि नगर को स्वच्छ, विकसित और आदर्श नगर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम पार्वती पटेल ने नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला को शपथ दिलाई। रोहित शुक्ला ने संस्कृत भाषा में शपथ लेकर एक नई पहल की। अध्यक्ष के शपथ ग्रहण पश्चात सभी पार्षदों ने एसडीएम पार्वती पटेल के निर्देशन में शपथ ली। शपथ के बाद अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने नगर के समग्र विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मुंगेली को स्वच्छ, विकसित और आदर्श नगर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। नागरिक सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता अभियान और बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर उनकी विशेष योजना रहेगी। इसके बाद नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें भाजपा के जयप्रकाश मिश्रा ने जीत हासिल की। उन्हें 13 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी अरविंद वैष्णव को 9 मत मिले। 1 मत अवैध घोषित हुआ। चुनाव परिणाम के पश्चात कांग्रेस के वोटों में सेंध लगने के बाद कांग्रेस पदाधिकारी उपाध्यक्ष पद में हार की समीक्षा करते रहे। नगर पालिका परिषद में भाजपा के जयप्रकाश मिश्रा के उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा पार्षद एवं कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर जश्न मनाया।



### जेएमपी कॉलेज में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आज

**तखतपुर।** जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में 8 मार्च को दोहपर 12 बजे पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष अशोक ठाकुर मुख्य आतिथि एवं पार्षद अंकित अग्रवाल के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने दी।

### राजपूत क्षत्रीय समाज की बैठक कल

**तखतपुर।** राजपूत क्षत्रीय समाज रहटादाह उपसमिति तखतपुर की बैठक 9 मार्च को सुबह 11 बजे महाराणा प्रताप भवन बरेला में रखी गई है। यह जानकारी सचिव राम सिंह ने दी।

### कलेक्टर, एसपी ने किया सिलतरा, धरदेई व सरगांव का दौरा

# कृषि भूमि पहचान पत्र, धान उठाव संबंधित दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पथरिया विकासखंड के ग्राम सिलतरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों के कृषि भूमि पहचान पत्र निर्माण प्रक्रिया का जायजा लिया और मार्च माह तक सभी किसानों का कृषि भूमि पहचान पत्र बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह तक शत-प्रतिशत किसानों के भूमि पहचान पत्र बनाए जाएं, जिससे वे सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देशभर में कृषि भू-स्वामियों का एक एकीकृत पंजीकरण तैयार करना है, जिससे कृषि अनुदान, फसल बीमा और अन्य योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सिलतरा के कुल 589 किसानों में से 202 किसानों के भूमि पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने शेष किसानों को जल्द से जल्द पंजीयन कराने की अपील की और बताया कि किसान बी1, खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ कॉमन सर्विस सेंटर या पटवारी के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर से खेल मैदान समतलीकरण की मांग की। उन्होंने बताया कि गांव के युवा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और कई युवा पुलिस एवं सैन्य भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन असमतल मैदान के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में जनपद सीईओ को स्थानीय विधायक की सहमति से शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा बिजली, पेयजल, राजस्व संबंधी समस्या और तालाब के गहरीकरण एवं मेड़ बंधान को भी लेकर चर्चा की गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



ग्रामीणों से चर्चा करते कलेक्टर।

# दुपहिया चालक ने मारी कार को टक्कर, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुपहिया वाहन चालक ने कार सवार को टक्कर मार दी। मामले पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

जानकारी के अनुसार सकरी निवासी प्रदीप पनीक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 मार्च को वह कार क्रमांक सीजी 12 एएच 4555 से तखतपुर की ओर आ रहे थे। वे हाई स्कूल के पास पहुंचें थे इसी दौरान अज्ञात दुपहिया चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी कार चालक को ठोकर मार दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**तखतपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे संतोषी सूर्यवंशी अपने पति के साथ आ रही थीं, तभी दुपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीडी 3793 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हों ठोकर मार दी। हादसे में संतोषी सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गईं जिन्हों इलाज के लिए तत्काल बिलासपुर ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 106,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।